फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री सुरजमल पुत्र श्री उदाजी गुर्जर नि. भचरड़िया तहसील देवगढ जिला राजसमंद

— अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति. जिला कलक्टर, राजसमंद — **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा—अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 50/2022**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक 12.09.2022

पत्रावली पेश हुई । अपीलांट अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर, राजसमंद से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर, राजसमंद वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया ।

लोक सूचना अधिकारी, अति. जिला कलक्टर, राजसमंद द्वारा जरिये क्रमांकः एफ.1( )सू.अ.,05/2022/658—659 दिनांक 03 अगस्त, 2022 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अर्पीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, अति. जिला कलक्टर, राजसमंद द्वारा प्रभारी अधिकारी, सर्तकता अनुभाग से तैयार करवा अपीलार्थी सुरजमल गुर्जर को पत्रांकः 613 दिनांक 18.07.2022 से प्रतिलिपि शुल्क 02/— जमा कराने हेतु लिखा जा चुका है। अपीलार्थी आज दिनांक तक सूचना प्राप्त करने के लिए कार्यालय में उपस्थित नहीं हुआ है तथा सूचना प्राप्ति हेतु कोई शुल्क राशि भिजवाई है। जिसके अभाव में सूचना कार्यालय के रेकार्ड में उपलब्ध है।

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर, राजसमंद की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर, राजसमंद की रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, अति. जिला कलक्टर, राजसमंद द्वारा सर्तकता अनुभाग से तैयार करवा अपीलार्थी सुरजमल गुर्जर को पत्रांकः 613 दिनांक 18.07.2022 से प्रतिलिपि शुल्क 02/— जमा कराने हेतु लिखा जा चुका है। अपीलार्थी सूचना प्राप्त करने के लिए कार्यालय में उपस्थित नहीं हुआ है न ही सूचना प्राप्ति हेतु कोई शुल्क राशि भिजवाई है। दिनांक 22.08.2022 को अपील न्यायालय में अपीलार्थी स्वंय उपस्थित होना ज्ञात आने से लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर, राजसमंद को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी श्री सूरजमल गुर्जर को सतर्कता अनुभाग से तैयार करवाई गई सूचना नियमानुसार उपलब्ध कराई जावे। उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर, राजसमंद को भिजवायी जावे।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद